

खाद बनाना और रीसाइकल करना कानून है

अपने अपशिष्ट भोजन और खाद बनाने लायक अन्य सामग्री को ठीक से छांटना न केवल जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने में मदद करता है, बल्कि अब यह कानून भी बन गया है। **1 जनवरी, 2022 से प्रभावी, राज्य के कानून (SB 1383) के तहत निवासियों के लिए खाद और रीसाइकल न करने लायक सामग्री को कैलिफ़ोर्निया के लैंडफिल से बाहर रखना ज़रूरी है।**

जब अपशिष्ट भोजन, पौधों की कतरनें और कागज़ जैसी खाद बनाने लायक सामग्री लैंडफिल में विघटित होती है तो उससे मीथेन निकलती है, जो एक प्रबल ग्रीनहाउस गैस है जो जलवायु परिवर्तन में योगदान देती है।

इस सामग्री से खाद बनाकर और इसे रीसाइकल करके, आप मीथेन उत्सर्जन को कम करने और पृथ्वी को स्वस्थ बनाने में मदद कर रहे हैं।



टेक्सटाइल रीसाइक्लिंग

AVI **जुलाई, अक्तूबर, जनवरी और अप्रैल के पहले पूर्ण सप्ताहों** के दौरान डबलिन के एकल परिवार वाले निवासियों से फुटपाथ से कपड़े इकट्ठे करेगी।

भाग लेने का तरीका: निवासियों को कम से कम सात (7) दिन पहले AVI को फ़ोन करके सूचित करना होगा कि उनके पास इकट्ठे करने के लिए कपड़े होंगे। स्वीकार्य कपड़ों को एक पारदर्शी प्लास्टिक बैग में फुटपाथ पर रख दें।



इस सेवा के लिए कोई शुल्क नहीं है।

निवासियों को टैक्स-कटौती रसीद नहीं मिलेगी। कृपया अपना तमिही पिक-अप शेड्यूल करने के लिए **(925) 479-9545** पर AVI को कॉल करें। प्रोग्राम के बारे में अतिरिक्त जानकारी और उस पर अमल करने से जुड़े निर्देशों के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएं।.

छुट्टियों के दौरान कलेक्शन और बिलिंग की जानकारी

छुट्टियों के दौरान पिक-अप का शेड्यूल

नीचे दी गई छुट्टियों के दिन कोई कलेक्शन सेवा नहीं होगी। जब कोई छुट्टी किसी वीकेंड पर पड़ती है, तो उस सप्ताह के शेष दिनों के लिए कलेक्शन में एक दिन की देरी होगी। शुक्रवार के ग्राहकों को शनिवार को सेवा मिलेगी।

- थैंक्सगिविंग डे
- क्रिसमस डे
- नए साल का दिन

बिलिंग जानकारी

सभी ग्राहकों को उनके प्रॉपर्टी टैक्स बिल में बुनियादी स्तर की सेवा — 32-गैलन कार्ट — के लिए बिल भेजा जाता है। जो ग्राहक कचरे का बड़ा कार्ट चुनते हैं, उन्हें हर तिमाही में सीधे AVI से एक अतिरिक्त बिल मिलेगा। यह बिल 32-गैलन कार्ट और चुने गए बड़े आकार के कार्ट के बीच की लागत के अंतर को दर्शाता है। रेट के बारे में सवालों के लिए, **(925) 479-9545** पर AVI को कॉल करें।

Amador Valley Industries

कार्यालय का पता:
7000 National Dr.
Livermore, CA 94550

info@amadorvalleyindustries.com
(925) 479-9545
amadorvalleyindustries.com

नई सेवा में जुड़ा अपडेट
आपकी कचरा और रीसाइक्लिंग सेवाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी

रसिाइक्ल कि गए कागज़ पर पर्टि कि गया।

Prsrt Std
US Postage
PAID
San Ramon, CA
Permit #89

Rev 04/2026

Amador Valley Industries

खाद बनाना, रीसाइकल करना और कचरा कलेक्शन सेवाएं

व्यावसायिक सेवा गाइड



रिसाइकल



रीसाइकल कार्ट काले ढक्कन के साथ सलेटी रंग या नीले ढक्कन के साथ सलेटी रंग के होते हैं।

रीसाइकल करने लायक चीज़ों को कार्ट में खुला रखें।



काँच की बोतलें और मर्तबान



प्लास्टिक की बोतलें और कंटेनर



धातु और अल्युमीनियम



साफ़ कागज़ के उत्पाद

इन चीज़ों को रीसाइकल कार्ट से बाहर रखें।

- बैटरियाँ
- टूटे हुए सिरेमिक बर्तन
- डायपर
- गंदा या मोम लगा कागज़
- इलेक्ट्रॉनिक्स
- भोजन
- हैंगर
- पौधे
- प्लास्टिक बैग और पतला प्लास्टिक
- रबड़ के दस्ताने
- तेज़ धार वाली चीज़
- मोम लगा गत्ता

प्रयुक्त घरेलू बैटरियाँ



प्रयुक्त घरेलू बैटरियों को एक पारदर्शी सीलबंद बैग में अपने काले या नीले रंग के रिसाइक्लिंग कार्ट में ऊपर रखें।

बैटरियाँ कार्ट के अंदर नहीं रखी जानी चाहिए — वे ज्वलनशील होती हैं तथा कलेक्शन और प्रोसेसिंग के दौरान आग लगने की वजह बन सकती हैं।

कम्पोस्ट



कम्पोस्ट कार्ट हरे रंग के होते हैं और उनके ढक्कन भी हरे रंग के होते हैं।

खाद या जैविक पदार्थों को कार्ट में खुला रखें, अख़बार या पेपर बैग में लपेटें।



अपशिष्ट भोजन



यार्ड ट्रिमिंग्स



भोजन और पेय से सना कागज़

इन चीज़ों को कम्पोस्ट कार्ट से बाहर रखें।

- बैटरियाँ
- BPI प्रमाणित खाद बनाने लायक बैग और प्लास्टिक
- खाना पकाने का तेल
- डायपर
- भोजन
- भोजन से सना कागज़
- इलेक्ट्रॉनिक्स
- पेय पदार्थों के मोम लगे कार्टन और पेय पदार्थों के डिब्बे
- पालतू पशुओं का मल-मूत्र
- प्लास्टिक बैग
- प्लास्टिक
- प्लास्टिक-लाइन वाले कागज़/कार्टन
- रीसाइकल करने लायक चीज़
- सिरेमि और तेज़ धार वाली चीज़
- परिष्कृत लकड़ी
- यार्ड का कचरा

रसोई के बर्तन



अपशिष्ट भोजन से खाद बनाना आसान करने के लिए निवासियों को रसोई के बर्तन मुफ़्त उपलब्ध कराए जाते हैं। अपशिष्ट भोजन और भोजन से सने कागज़ को इकट्ठा करने के लिए बस उसमें एक पेपर बैग या अख़बार रखें। जब वह भर जाए, तो सामग्री को अपनी कम्पोस्ट कार्ट में खाली कर दें।

कचरा



कचरे के कार्ट भूरे रंग के होते हैं और साथ ही उनके ढक्कन भी भूरे होते हैं।

गंदगी फैलने और तूफान के पानी के प्रदूषण से बचने के लिए चीज़ों को बैग में डालें।



रीसाइकल न करने लायक प्लास्टिक



विविध घरेलू अपशिष्ट



पालतू पशुओं का मल-मूत्र और डायपर

इन चीज़ों को कचरे के कार्ट से बाहर रखें।

- बैटरियाँ
- इलेक्ट्रॉनिक्स
- भोजन
- भोजन से सना कागज़
- खतरनाक अपशिष्ट
- रीसाइकल करने लायक चीज़
- सिरेमि और तेज़ धार वाली चीज़
- यार्ड का कचरा

मोटर ऑयल और फ़िल्टर्स



ख़ास ऑयल जग और फ़िल्टर बैग का अनुरोध करने के लिए **(925) 479-9545** पर AVI को कॉल करें।

अपने कलेक्शन के दिन भरे हुए जग और बैग को अपने कार्ट के बगल में फ़ुटपाथ पर रखें। यह सुनिश्चित करें कि जग और/या बैग ठीक से सीलबंद हो और सड़क से साफ़-साफ़ दिखाई दे।

बड़े आइटम्स का कलेक्शन



सीमा सात (7) क्यूबिक यार्ड • छोटी चीज़ें बैग या बॉक्स में रखी जानी चाहिए • प्रति वर्ष तीन (3) मुफ़्त कलेक्शन

सुविधिकृत आइटम्स

फ़र्नीचर, कालीन, गद्दे, टायेर
सोफ़ा, मेज़, कुरसियाँ आदि अधिकतम चार (4) कार टायर (बिना रिम वाले)।

व्हाइट गुड्स
रेफ्रिजरेटर, फ़्रीज़र (दरवाज़े हटाने होंगे), वॉटर हीटर, या इसी तरह के अन्य घरेलू उपकरण।

ब्राउन गुड्स
इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे सटीरियो, VCR, परसनल डिजिटिल असिस्टेंट (PDA), टेलीफ़ोन।

ई-वेस्ट
इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे सेल फ़ोन, कम्प्यूटर, मॉनिटर, टेलीवज़िन, और कैथोड रे ट्यूब (CRT) वाली अन्य चीज़ें।

- एकल-परिवार आवासीय परिवार प्रति अनुबंध वर्ष (1 जुलाई-30 जून) तीन (3) मुफ़्त ऑन-कॉल बड़े आइटम्स की कलेक्शन सेवाओं को शेड्यूल और प्राप्त करने के पात्र हैं।
- बड़े आइटम्स का कलेक्शन शेड्यूल करने के लिए, **(925) 479-9545** पर कॉल करें।
- सामग्री को 24 घंटे से ज़्यादा समय पहले फ़ुटपाथ न रखें।
- बाहर रखे गए बड़े आइटम से फ़ुटपाथ ब्लॉक नहीं होना चाहिए या ट्रैफ़िक में रुकावट नहीं आनी चाहिए। छोटी चीज़ों को डिस्पोज़ेबल कंटेनरों में पैक करके या बैग में रखना चाहिए।
- यार्ड की कतरन या लकड़ी को बंडल, बॉक्स या बैग में रखा जाना चाहिए, और उसकी लंबाई चार (4) फीट से ज़्यादा नहीं होनी चाहिए।

खतरनाक घरेलू अपशिष्ट



खतरनाक घरेलू अपशिष्ट (HHW) को कचरे, रीसाइक्लिंग या जैविक कचरे के कार्ट में डालने की मनाही है।

AVI डबलिन के सभी निवासियों के लिए सुपुर्दगी के मौसम में एक सालाना, एक-दिवसीय खतरनाक घरेलू अपशिष्ट ड्रॉप-ऑफ़ प्रोग्राम आयोजित करेगी। कृपया इवेंट की जगह और तारीख के बारे में ज़्यादा जानकारी के लिए अपना मेलबॉक्स और हमारी वेबसाइट देखें।

यदि आपको साल में अन्य समय पर HHW का निपटान करने की ज़रूरत है, तो **(800) 606-6606** पर अलमेडा काउंटी खतरनाक घरेलू अपशिष्ट प्रोग्राम में संपर्क करें या निपटान के विकल्पों और स्थानों की सूची के लिए **stopwaste.org/HHW** पर जाएं।

कार्ट निकालने से जुड़े निर्देश

- सुबह 5:30 बजे तक कार्ट बाहर निकालें
- कार्ट को तीन (3) फ़ीट की दूरी पर रखें
- कार्ट को सड़क पर इस तरह खड़ा करें कि उनके पहिए फ़ुटपाथ के करीब हों।
- कूड़े और तूफान के पानी के प्रदूषण को रोकने के लिए ढक्कन पूरी तरह से बंद करें।